हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 5 दिसंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण-एनआईए ने संगठित अवैध हथियार और गोली-बारूद तस्करी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की 22 टीमों ने तीन राज्यों में कई स्थानों पर छापमारी की। उसने बिहार के नालंदा, शेखपुरा और पटना ज़िलों में सात स्थानों, उत्तर प्रदेश के औरैया ज़िले में 13 और हरियाणा के कुरुक्षेत्र ज़िले में दो स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।

इसमें बड़ी मात्रा में विभिन्न बोर के हथियार और गोली-बारूद, एक करोड़ रुपये से अधिक नकदी, आपत्तिजनक डेटा युक्त कई डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा नकली और संदिग्ध पहचान पत्र सहित आपत्तिजनक दस्तावेज़ ज़ब्त किए गए।

एनआईए ने कहा कि गोली-बारूद हरियाणा से तस्करी कर उत्तर प्रदेश लाया जाता था और फिर उन्हें बिहार और देश के अन्य हिस्सों में पहुंचाया जाता था।

****

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि अब तक एक लाख 51 हज़ार से ज़्यादा वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून बनने के बाद, मंत्रालय ने उम्मीद पोर्टल शुरू किया था और संबंधित पक्षों को पोर्टल पर सभी वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत करने के लिए छह महीने का समय दिया गया था। नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि आज आखिरी दिन है और लाखों संपत्तियां अभी भी पंजीकृत नहीं हुई हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंत्रालय अगले तीन महीनों तक उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कराने वालों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगा और न ही कोई सख्त कार्रवाई करेगा।

****

जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा तीन प्रोफेसर पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया ने कल

विश्वविद्यालय का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह व अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

श्री मति रेणु भाटिया ने कुलपति प्रो. रामपाल सैनी व रजिस्ट्रार से छात्राओं से यौन शोषण के कथित आरोपों को लेकर बातचीत की।महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया ने कहा -

1- रेनू भाटिया -45 सेकंड

श्री मति रेनू भाटिया ने बताया की कुलपति ने कहा है कि आगामी 24 घंटे में तीनों प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मामला दर्ज नहीं हुआ इसका जवाब वो आज पुलिस अधीक्षक और कुलपति से लेंगी।

****

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की पलवल शाखा द्वारा आज इंडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय मंडल स्तरीय बाल दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है । समारोह का शुभारंभ कल होडल के विधायक हरेंद्र सिंह ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त जयदीप कुमार और बाल कल्याण परिषद हरियाणा की सचिव डॉ. सुषमा गुप्ता व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
होडल से विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा निकलकर सामने आती है।
बाल कल्याण परिषद की सचिव डॉ. सुषमा गुप्ता ने बताया -

2-सुषमा गुप्ता -32 सेकंड

****

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए 119 मिलियन टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 3.47 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष वास्तविक उत्पादन रिकॉर्ड 117 मिलियन टन से अधिक होने का अनुमान है।

राष्ट्रीय गेहूं एवं जो अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ रतन तिवारी ने मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए संस्थान के वैज्ञानिक पूरी तरह तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक किसानों द्वारा गेहूं की बिजाई कर दी गई है और गेहूं का फुटाव बढ़िया नजर आ रहा है।

****